**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**22.06.2025/प्रादेशिक समाचार/1800बजे**

## राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने विद्यार्थियों से राष्ट्रहित, संस्कृति और समाज को सर्वोपरि रखने का आहवान किया है। वे आज शिमला स्थित सरस्वती विद्या मंदिर विद्यालय में मेधावी छात्र सम्मान समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में राष्ट्र को ऐसी युवा पीढ़ी की जरूरत है, जो व्यक्तिगत ऊंचाइयों को हासिल करने के साथ–साथ समाज को भी प्रगति पथ पर अग्रसर करें। राज्यपाल ने कहा कि विद्यार्थियों को अपनी महत्वकांक्षाओं को रोजगार हासिल करने तक ही सीमित नहीं रखना चाहिए बल्कि उन्हें राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका और जिम्मेदारियों को समझना भी आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।

## पठानिया

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा है कि मेले व उत्सव प्रदेश की संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण व संवर्द्धन के लिए पूरी तरह गंभीर है। कुलदीप सिंह पठानिया चंबा जिले के बनीखेत में जिला स्तरीय आषाढ़ नाग मेले के शुभारंभ अवसर पर बोल रहे थे। इस अवसर पर एक शोभा यात्रा भी निकाली गई जिसमें लोगों ने बढ़–चढ़ कर हिस्सा लिया।

## शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने शिमला जिला के कोटखाई क्षेत्र की ग्रावग पंचायत में आज कुड़ी–मोहली सड़क का लोकार्पण किया। इस सड़क के निर्माण पर 4 करोड़ 87 लाख रूपए की राशि खर्च हुई है। रोहित ठाकुर ने कहा कि इस सड़क के बनने से न केवल कोटखाई की ग्रावग पंचायत बल्कि चौपाल तहसील के मड़ावग क्षेत्र के किसानों–बागवानों को भी लाभ होगा। उन्होंने बताया कि पिछले अढ़ाई वर्षों में जुब्बल कोटखाई क्षेत्र में एक सौ 36 सड़कों की सफल पासिंग हो चुकी है और 4 सौ करोड़ रूपए की लागत से विभिन्न सड़कों का निर्माण किया जा रहा है।

**आरक्षण**

अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने देश में जातिगत आरक्षण की नीति पर सवाल उठाते हुए इसे आर्थिक आधार पर लागू करने की मांग की है। शिमला में पत्रकारों से बातचीत में महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र तंवर ने कहा कि वर्तमान में समाज में समरसता लाने की जरूरत है जो केवल आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को समान अवसर देने से ही संभव है।

**शूलिनी मेला**

सोलन में राज्य स्तरीय शूलिनी मेला आज संपन्न हो रहा है। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल मेले के समापन समारोह की अध्यक्षता करेंगे। इस मेले में कई गतिविधियां लोगों के आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है। शूलिनी मेले में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा क्राफ्ट मेला भी लगाया गया है जिसमें महिलाएं हस्त निर्मित व्यंजन व पकवान बेच रही है। सोलन के अतिरिक्त उपायुक्त राहुल जैन ने बताया कि मेले में विभिन्न खेल गतिविधियों सहित कुश्ती प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया है।

**मौसम**

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज घने बादल छाए हुए हैं। दोपहर बाद कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा भी हुई है। मौसम विभाग ने आज कांगड़ा, मंडी, शिमला और सोलन जिला में भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग ने खराब मौसम को देखते हुए स्थानीय लोगों और पर्यटकों को भूस्खलन संभावित क्षेत्रों व नदी नालों के आस–पास न जाने की सलाह दी है। उधर, चंबा के उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने कहा कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए मानसून के लोक निर्माण विभाग के फील्ड स्टॉफ को सतर्क कर दिया गया है।

---